# ‘परिंडा बांधो अभियान’

## चर्चा में क्यों?

3 मार्च, 2022 को विश्व वन्य जीव दिवस के अवसर पर राजस्थान के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने पक्षियों के जीवन संरक्षण हेतु परिंडा एवं चुग्गा पात्र बांधने के अभियान ‘परिंडा बांधो अभियान’की शुरुआत की।

## प्रमुख बिंदु

- सचिव डॉ. समित शर्मा ने कहा कि विभाग द्वारा विभागीय कार्यालयों, आवासीय विद्यालयों, छात्रावासों, होम्स और अन्य संस्थानों में पक्षियों के लिये परिंडे बांधने एवं चुग्गा पात्र की व्यवस्था का अभियान चलाया जा रहा है।
- उन्होंने कहा कि विश्व वन्यजीव दिवस पर इस अभियान की शुरुआत का विशेष महत्त्व है। यह दिवस हमें हमारी पर्यावरणीय चिंता और दायित्वबोध के प्रति सजग करता है।
- अभियान को राज्य स्तर पर विभागीय कार्यालयों में संचालित करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया है कि गर्मियों में पक्षियों के परिंडों में प्रतिदिन पानी एवं चुग्गा पात्रों में दाने की व्यवस्था आपसी सहयोग से की जाए।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/parinda-bandho-campaign